पितृपक्ष तृतीया
श्राद्धतिथि दिवस




प्रणाम । वंदन । भावपुष्प समर्पयामि ।

उपाध्याय परिवार



सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

DGR Detective Group Report

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 68 | इंदौर, शुक्रवार 20 सितंबर, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


## Headline

1. Tirupati Prasad Controversy: राष्ट्रीय स्तर पर बनाया जाए 'सनातन धर्म रक्षण बोर्ड', पवन कल्याण ने उठाई अहम मांग
2. Bihar : जदयू नेत्री के घर 20 घंटे तक एनआईए ने की कार्रवाई, फिर सुर्खियों में है बिंदेश्वरी यादव का परिवार
3. Sensex Opening Bell: शेयर बाजार में बढ़त; सेंसेक्स 500 अंक चढ़ा, निफ्टी 25550 के पार
4. iPhone 16: भारत में आईफोन-16 के लिए मारामारी; सेल शुरू होते ही स्टोर के बाहर लंबी कतारें, भगदड़ जैसे हालात
5. Haryana Assembly Election: हैट्रिक के लिए मुफ्त वादों के समंदर में उतरी भाजपा, पहली बार बदली परंपरा

# CM बोले-कश्मीर में पाकिस्तान के एजेंडे को बढ़ा रही कांग्रेस

## पाकिस्तान के रक्षा मंत्री के बयान पर कहा-खरगे माफी मांगे, पटवारी ने पाक को दिया जवाब

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के जम्मू-कश्मीर पर दिए बयान पर सीएम डॉ. मोहन यादव ने कांग्रेस पर हमला बोला है। कहा-आज तो गजब हो गया। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री भारत में धारा-370 जम्मू-कश्मीर में हटाने के मसले पर, 35ए के हटाने के मसले पर खुलकर ये कह रहे हैं कि पाकिस्तान की। कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस की एक राय है इस मसले पर तो क्या यह गठबंधन पाकिस्तान ने कराया है। इस बात के लिए कांग्रेस के अध्यक्ष राष्ट्रीय स्तर पर अपनी बात स्पष्ट करें। ये घोर निंदनीय बात होगी कि पाकिस्तान के झंडे को अगर कांग्रेस लागू कर रही है तो यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण होगा ।



### कांग्रेस अध्यक्ष माफी मांगें और कांग्रेस को जवाब दें

मुख्यमंत्री ने कहा- जम्मू कश्मीर के अंदर जिस प्रकार से शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव हुए हैं लेकिन आज भी यह यह दंश अगर सामने आ रहा है जो पाकिस्तान से हमने आजादी के बाद से इस मुद्दे को लेकर के जनसंघ के जमाने से भारतीय जनता पार्टी और हमारे पूर्ववर्ती संगठन ने इस बात को रखा था कि धारा 370 यह कलंक है और वह जब पूरे देश के सामने हट करके आज वह सामान्य राज्यों की श्रेणी में खड़ा हुआ है तो केवल चुनावी राजनीति के कारण से देश विरोधियों से हाथ मिलाना, देश के दुश्मनों से हाथ मिलाना, यह शर्म की बात है। सीएम ने कहा- कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष को इस पूरे घटनाक्रम पर माफी मांगना चाहिए और पाकिस्तान को कठोर शब्दों में जवाब देना चाहिए कि वह देश के उनके हालत वही निपट ले। लेकिन अब ये कांग्रेस के ऊपर है कि कांग्रेस के इस स्टेप के मामले में और कांग्रेस के नेशनल कांफ्रेंस का गठबंधन के मामले में ये प्रूव हो गया है कि कांग्रेस पाकिस्तान के एजेंडे को आगे बढ़ा रही है।

### जीतू पटवारी बोले- पाकिस्तान की क्या हैसियत वो भारत के मामले में पडे.

इधर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा- पाकिस्तान की हैसियत नहीं हैं कि वो भारत के मामले में कोई टिप्पणी करे। कांग्रेस पार्टी देश के संविधान के साथ उसके मौलिक अधिकारों की रक्षा के लिए कश्मीर की आवाम ने इतना भारी बहुमत दिया। इसलिए क्योंकि उन्हें भारत के संविधान और राजनीतिक लोगों से प्यार है। सारे राजनीतिक दल वो किसी पार्टी का हो वो भारत का राजनीतिक दल कश्मीर को लेकर चिंतित होता है। पक्ष-विपक्ष रखता है। पाकिस्तान की क्या हैसियत वो भारत के मामलों में पड़े..

### क्या कहा था पाक सरकार के मंत्री ने

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ पाकिस्तानी न्यूज चैनल जियो न्यूज से चर्चा कर रहे थे। पाकिस्तानी पत्रकार हामिद मीर ने ख्वाजा से जब सवाल किया तो उन्होंने कहा था, 'हम आर्टिकल 370 और 35ए की बहाली पर एकमत हैं।' पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने यह भी दावा किया कि अगर नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन जम्मू-कश्मीर में सत्ता में आता है तो आर्टिकल 370 वापस आ सकता है। ख्वाजा ने कहा- मुझे लगता है कि यह संभव है। वर्तमान में, नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस का वहां बहुत दबदबा है। घाटी की आबादी इस मुद्दे पर संवेदनशील है और संभावना है कि कॉन्फ्रेंस (नेशनल कॉन्फ्रेंस) सत्ता में आएगी।

### शिवराज बोले-सिद्ध हुआ पाकिस्तान, कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस के सुर-ताल एक हैं

शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि पाकिस्तान के रक्षामंत्री के बयान से ये सिद्ध हो गया है कि पाकिस्तान, कांग्रेस और JKNC के सुर-ताल एक ही है. वो बोले कि कांग्रेस का हाथ पाकिस्तान के साथ है। केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, 'इनके इरादे और एजेंडा भी एक ही है, इसलिए राहुल गांधी राष्ट्र विरोधी बयान देते रहते हैं। सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक के सबूत मांगते हैं, सेना के बारे में आपत्तिजनक बातें करते हैं।

# भ्रूण हत्या जैसे महापाप से मुक्ति का कोई प्रावधान नहीं



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। हमारे शास्त्रों में हर तरह के पितरों के लिए मोक्ष का विधान बताया गया है, लेकिन भ्रूण हत्या के माध्यम से हम जिन जीवों की मृत्यु करते या करवाते हैं, उनकी मुक्ति का कोई साधन शास्त्रों में नहीं बताया गया है।**

भ्रूण हत्या करना या कराना महापाप है। इससे बचने के लिए संकल्प करें कि न तो भ्रूण हत्या करेंगे, और न ही किसी को करने देंगे। यदि भूले से भी हमसे जाने-अनजाने में ऐसा पाप हो गया है तो भविष्य में किसी भी जीव की हत्या नहीं करने का संकल्प करेंगे तो असंतुष्ट आत्माएं भी तृप्त हो सकती है। ये बात भागवताचार्य पं. पवन तिवारी ने गुरुवार को एयरपोर्ट रोड, पीलियाखाल स्थित प्राचीन हंसदास मठ पर श्रद्धा-सुमन सेवा समिति द्वारा आयोजित तर्पण अनुष्ठान के दौरान 350 से अधिक साधकों को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर उपस्थित साधकों ने अपने घर के आसपास, अपने गली-मोहल्ले और शहर को साफ-सुथरा एवं स्वच्छ बनाए रखने की सामूहिक शपथ भी ली। पं. तिवारी ने कहा कि हंसदास मठ एक प्राचीन सिद्ध आश्रम है और नदी किनारे होने के साथ ही यहां भगवान श्री विष्णु, शालीग्राम, रणछोड़जी, पंचमुखी हनुमान, राधाकृष्ण, राम दरबार, शिव परिवार एवं मां अनपूर्णा के मंदिर भी मौजूद हैं। ऐसे पवित्र स्थान पर पितरों के लिए तर्पण करना एवं सफाई, स्वच्छता का संकल्प लेना अत्यंत पुण्यदायी कर्म होगा। शुरू में एयरपोर्ट रोड, पीलियाखाल स्थित हंसदास मठ के युवराज महामंडलेश्वर पं. पवनदास महाराज के आतिथ्य एवं हंस पीठाधीश्वर स्वामी रामचरण महाराज के सान्निध्य में भागवताचार्य पं. पवन तिवारी के आचार्यत्व में भगवान हरि विष्णु के पूजन के साथ अनुष्ठान का शुभारंभ हुआ। समिति के अध्यक्ष हरि अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेन्द्र सोनी, महासचिव डॉ. चेतन सेठिया, राजेन्द्र गर्ग विनय जैन, जगमोहन वर्मा, मुरलीधर धामानी, शंकरलाल वर्मा, सूरजसिंह राठौर, डॉ. हरिनारायण विजयवर्गीय, आशीष जैन आदि ने पं. तिवारी का स्वागत किया। युवराज महामंडलेश्वर पं. पवनदास महाराज के आतिथ्य एवं हंस पीठाधीश्वर स्वामी रामचरण महाराज के सानिध्य में भागवताचार्य पं. पवन तिवारी के आचार्यत्व में भगवान हरि विष्णु के पूजन के साथ अनुष्ठान का शुभारंभ हुआ।

स्वच्छता सर्वेक्षण...

# सूरत से इस बार इंदौर को मिल रही कड़ी टक्कर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर ने आठवीं बार फिर स्वच्छता रैंकिंग में पहला स्थान बरकरार रखने की तैयारी की है,लेकिन इस बार इंदौर को सूरत शहर से कड़ी टक्कर मिल रही है। डेढ़ माह के भीतर देशभर के पांच हजार से ज्यादा शहरों में स्वच्छता सर्वेक्षण शुरू हो सकता है। इसमें इंदौर और सूरत भी शामिल है।**



इंदौर ने इस बार सफाई की दिशा में कोई स्वच्छता पाने के लिए बड़ा प्रोजेक्ट को नहीं लाया,लेकिन डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के लिए नए वाहन खरीदे है। इंदौर की सफाई व्यवस्था की सबसे बड़ी ताकत भी डोर टू डोर कचरा कलेक्शन और सेग्रिगेशन है।

मेयर पुष्य मित्र भार्गव ने कहा कि स्वच्छता के मामले में इंदौर देशभर में मिसाल है। इसकी मशाल इंदौरवासियों ने थाम रखी है। स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारी पूरी है। आठवीं बार भी इंदौर सफाई में नंबर वन रहेगा। उन्होंने स्वीकारा कि दूसरे शहर भी सफाई में बेहतर काम कर रहे है। कम प्रदूषण वाले शहरों में पिछले साल इंदौर पहले स्थान पर था, लेकिन इस बार सूरत ने बाजी मारी है। इंदौर सातवें स्थान पर पहुंच गया है। इसे लेकर मेयर ने कहा कि डाक्यूमेंट सबमिशन में त्रुटियां रही गई थी। इस कारण इंदौर का सातवां नंबर रहा। स्वच्छता के अलग-अलग मापदंडों को तय किया गया है। सर्वेक्षण में शामिल शहरों का 40 से ज्यादा मापदंडों पर आकंलन होगा। सफाई सिस्टम के अलावा शहरवासियों का फीडबैक, उसकी शिकायतों का निपटान, स्वच्छता में नवाचार, कचरे का पुर्नउपयोग, कचरे का निपटान, जल सरंचना, तालाबों की सफाई, पब्लिक टायलेट सहित अन्य बिन्दू पर टीम सर्वेक्षण करती है और उसके आधार पर नंबर देती है। सूरत ने इस डस्टबीन फ्री सिटी, वेस्ट कलेक्शन और सेग्रिगेशन में बेहतर काम किया है।

लोगों में जागरुता लाने के लिए जनप्रतिनिधियों व अफसरों को शहर के वार्ड गोद दिए गए। कचरे से कमाई और धूल कम कर शहर का वायु प्रदूषण कम करने में भी सूरत ने इस बार ज्यादा जोर दिया है।

## पति और सास ने मिलकर की मारपीट

**इंदौर।** नागदा ब्याही गई एक युवती के साथ उसके पति और सास ने मारपीट की। मामले में पुलिस ने पीडिता की रिपोर्ट पर केस दर्ज किया है। अन्नपूर्णा पुलिस ने बताया कि शानू राठौर निवासी बारा पत्थर कानून नागदा की शिकायत पर अपने पति संदीप राठौर और सास टमा राठौर के खिलाफ केस दर्ज की है। शानू ने बताया कि 2015 में उसकी शादी हुई है। उसका एक बेटा और एक बेटी है। बुधवार सुबह 7 बजे का समय था। जिसमें सास टमा आई और अपशब्द कहते हुए कहा कि अभी तक सो रही है। कितना समय हो गया। घर का कोई काम नही करती। यह बात पति संदीप को बताई। उसने आकर मारपीट की। बचाव किया तो सास ने भी मारपीट की। शानू विवाद के बाद अपने माता पिता के यहां आ गई। इसके बाद थाने आकर केस दर्ज कराया है।

## छह लेन रोड बनने के बाद इंदौर उज्जैन के बीच बसाहट होगी तेज 40 मिनट में हो जाएगा सफर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर से उज्जैन के बीच छह लेन मार्ग का भूमिपूजन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के हाथों हो गया। सत्रह सौ करोड़ की लागत से यह सड़क तैयार होगी। इसके बनने से दोनों शहरों के बीच के सफर में लगने वाले समय में कमी आएगी, साथ ही इंदौर और उज्जैन के बीच बसाहट भी तेज होगी। अभी इंदौर-उज्जैन की सीमा के आसपास तक 30 से ज्यादा टाउनशिपों का काम चल रहा है। छह लेन सड़क बनने के बाद दोनो शहरों के बीच बसाहट और तेज होगी।1

12 साल पहले लगे सिंहस्थ मेले के समय 55 किलोमीटर लंबी इंदौर-उज्जैन रोड को फोरलेन किया गया था। महाकाल लोक बनने के बाद उज्जैन में पर्यटकों की संख्या बढ़ गई है। इसके बाद मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम ने इस सड़क को छह लेन करने की योजना तैयार की है। इसमें सांवेर, उज्जैन के शांति पैलेस तिराहा और इंजीनियरिंग कॉलेज के समीप ब्रिज बनाए जाएंगे, जबकि आठ से ज्यादा अंडरपास होंगे।

इंदौर-उज्जैन रोड के लवकुश चौराहे पर इंदौर विकास प्राधिकरण डबलडेकर ब्रिज बना रहा है। यह ब्रिज अरविंदो चौराहे पर खत्म होगा। वहीं से छहलेन सड़क का काम शुरू होगा, जो उज्जैन के हरिफाटक ब्रिज तक बनेगी।



समारोह में मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा है कि इस सड़क का निर्माण सिंहस्थ के सालभर पहले ही पूरा हो जाएगा।

### रियल इस्टेट सेक्टर में आएगा बूम

उज्जैन में फैक्ट्री-इंडस्ट्री कम है, इस कारण कई लोग इंदौर में जॉब करते है और किराए के मकान लेते है। छह लेन सड़क बनने के बाद इंदौर से उज्जैन के बीच बसाहट होगी और कम बजट में लोगों को आवास उपलब्ध हो जाएंगे। कनेक्टिविटी बेहतर होने के कारण लोग वहां बस सकते है। अभी इंदौर से उज्जैन के बीच के सफर में एक घंटा लगता है। सड़क बनने के बाद यह सफर 40 मिनिट में पूरा हो जाएगा। इस सड़क के बनने से धरमपुरी, सांवेर, पंचडेरिया, निनौरा जैसे क्षेत्रों में बसाहट तेजी से बढ़ने लगी है। सड़क बनने से पहले ही दस से ज्यादा टाउनशिपों के काम शुरू हो चुके है।

कटाक्ष



देपालपुर पुलिस ने कर दिया बड़ा खेल

# पशु हाट बाजार में किसान ने पकड़ा जेब कतरा पुलिस ने पुराने केस में बना दिया आरोपी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**देपालपुर**। बड़े गांव की पुलिस ने कर दिया बड़ा खेल लगातार चोर पकड़ने में असफल रही देपालपुर पुलिस का कारनामा सामने आया मंगलवार हाट बाजार में कुछ जेब कतरों ने किसानो की जेब काट दी करीब एक लाख दस हज़ार रुपए उड़ा दिए। देपालपुर में मंगलवार को पशु हाट बाजार लगता है दूर दराज से किसान गाय, भेस का व्यापार करने आते है मगलवार को नांद्रा के रामचंद्र पिता मोतीराम भी भेस खरीदने आए थे करीब 11 बजे जेब देखा तो 60000रु गायब मिले कुछ देर बाद मानसिंह पिता शंकरलाल निवासी मुरखेड़ा का 50000रु का जेब काट कर भाग रहा था तभी 1चोर को पड़कर पुलिस के हवाले कर दिया था उसके बाद हमारे साथी सुरेश हरि ओम चेतन जीवन ने मिलकर मारुति स्विफ्ट mp,42,c,,4446 में बैठे थे चार चोर को इन्दौर रोड़ पेट्रोल के समीप पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया रिपोर्ट लिखवाने गए तो पुलिस ने कहा हम कार्यवाही करेगे लेकीन देपालपुर पुलिस ने क्षेत्र में हुई पुरानी चोरी में इन आरोपियों को आरोपी बनाकर जेल भेज दिया और प्रेस नोट जारी भी कर दिया कही अखबारों में ख़बर भी प्रकाशित करवा दी



की बैंक में चोरी करने वाले और स्टोन व्यापारी के यहां चोरी करने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार लेकीन समाचारों के पत्रों से रामचंद्र और मानसिंह को पता लगा की यह चोर तो हमने पकड़े थे और पुलिस के हवाले किया था लेकीन देपालपुर पुलिस ने अपने पुराने केस को निपटाने के चक्कर में जेब कतरो को आईडीएफसी बैंक और श्री राम स्टोन की चोरी में आरोपी बना दिया और 10000रु की जप्ति भी दिखा दी और रामचंद्र और मानसिंह के आवेदन देने के बाद भी देपालपुर पुलिस ने एफआईआर दर्ज नही की आरोप है की पुलिस ने एक चोर फरार भी कर दिया मामला सामने आया तो रामचंद्र और मानसिंह ने डीआईजी और ग्रामीण एसपी को शिकायत आवेदन दिया और और कड़ी कार्यवाही की मांग की है।

जब कुर्सी पर बैठे अधिकारी इस तरह का झोलमाल करेंगे तो आम जनता किस पर विश्वास करेंगी पूर्व में भी थाना प्रभारी रणजीत है सिंह बघेल की लापरवाही पर सवाल खड़े हुए थे और अखबारो मे ख़बर भी प्रकाशित हुई थीं चोर को पकड़ने में असफल देपालपुर पुलिस क्या देपालपुर में कानून व्यवस्था दिनों दिन बिगड़ती जा रही लगातार क्षेत्र में चोरियां हुई उससे डर और भय का माहौल बना हुआ है।

रामचंद्र और मानसिंह ने उच्च अधिकारियों से गुहार लगाई है कि जिन पुलिसकर्मियों की मिलीभगत से झोलमाल हुआ है उन पर उचित कार्रवाई हो और हमे हमारा पैसा वापस दिलाया जाए।

# कार की टक्कर से टाइल्स व्यापारी की मौत

## रांग साइड से आ रही कार ने मारी टक्कर

◆ ओंकारेश्वर से गणेश प्रतिमा विसर्जन कर लौट रहे थे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। खंडवा रोड पर गुरुवार रात एक हादसा में कार सवार एक टाइल्स व्यापारी की मौत हो गई। तीन घायल हुए हैं। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिये एमवाय अस्पताल भेजा। यहां से उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अंकित भाजपा विधायक गोलू शुक्ला के करीबी थे।**

सिमरोल पुलिस के मुताबिक हादसा चोरल के पास हुआ। यहां रात करीब 11 बजे एक कार को रांग साइड से तेजी से आ रही दूसरी कार ने टक्कर मार दी। इस हादसे में अंकुर (32) पिता लाला जी मिश्रा निवासी तपेश्वरी बाग की मौत हो गई। कार में बैठे तीन अन्य लोग घायल हुए हैं। इनमें से दो के नाम पंकज और गोलू नाम बताए गए हैं।

### मरीमाता से ओंकारेश्वर गए थे

दोस्तों ने बताया कि वह मरीमाता से गणेश जी विसर्जन के लिये ओंकारेश्वर गए थे। यहीं से रात में लौट आ रहे थे। हादसे के बाद टक्कर मारने वाली कार में बैठे सभी लोग मौके से भाग गए। कार में सवार सभी लोग मौके से भाग गए।

### टाइल्स के काम से जुडे है अंकुर

मृतक अकुंर टाइल्स व्यापारी थे। उनके परिवार में दो बच्चे, पत्नी और माता-पिता हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये जिला अस्पताल भेजा है।

# युवती ने ट्रेन के सामने कूदकर दी जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। अपनी सहेलियो के साथ रह रही एक लडक़ी ने खुदकुशी कर ली। गुरूवार शाम उसने ट्रेन के समाने छंलाग लगा दी। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है। वही परिवार को सूचना की गई है।

लसूडिय़ा पुलिस के मुताबिक घटना पंचवटी कॉलोनी की है। यहां पर रहने वाली 20 वर्षीय मंजू शाक्यवार ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। गुरूवार शाम पुलिस ने उसके पास मिली डायरी में नंबर डायल किया तो उसकी सहेली से बात हुई। जिसमें मंजू नाम से उसने शिनाख्त की। सहेली ने बताया कि वह रूम से नीचे उतरकर आई थी। उन्हें लगा 10 मिनट में आ जाएगी। लेकिन काफी देर तक मंजू नही दिखी तो उन्हें लगा कि आसपास कही गई होगी। मंजू का परिवार मूल रूप से ब्यावरा का रहने वाले है। पिता मिस्त्री से जुडा काम करते है। सहेलियों के मुताबिक वह इंदौर में जॉब के लिये पहुंची थी। 10 दिन पहले ही उनके पास रहने आई थी। पुलिस के मुताबिक मौके से सुसाइड नोट नही मिला है। रूम पर जाकर सुबह सुसाइड नोट को लेकर जांच की जाएगी।

लापता मासूम का नहीं लगा सुराग

# तलाश में एसडीआरएफ ने की नाले में सर्चिंग

### परिजनों ने सूचना देने वाले को 1 लाख रूपए देने की बात कही

### डेरों में भी तलाश के बाद खाली हाथ पुलिस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। 4 साल का मासूम बच्चा लापता होने के मामले में पुलिस ने उसकी जगह-जगह पर तलाश की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। सोशल मीडिया पर बच्चे की फोटो वायरल करते हुए उसकी तलाश की जाने लगी, लेकिन गुरुवार तक ब'चे की कोई जानकारी सामने नही आई। पुलिस ने एसडीआरएफ को बुलाकर नाले और आसपास के जंगल में सर्चिंग की है। वहीं पुलिस डेरों में भी बच्चे की तलाश करके आई है। बच्चे को लेकर शाजापुर में होने की बात पर कॉल भी किया गया, लेकिन वहां पर पुलिस ने संपर्क किया तो सफलता नही मिली। बच्चे के परिजनों ने सूचना देने वाले को 1 लाख रूपए देने की बात कही है।**

मामला बाणगंगा थाना क्षेत्र के भागीरथपुरा इलाके का है। थाना प्रभारी लोकेश सिंह भदौरिया के मुताबिक 4 साल के किशु बागबान के मामले में अपरहण का केस दर्ज कर जांच की जा रही है। मामले में पुलिस ने गुरुवार सुबह एसडीआरएफ की टीम को बुलाकर सर्चिंग कराई। बताया जाता है कि जहां किशु अपने परिवार के साथ रहता है। वहां घर के पीछे बड़ा नाला है। पुलिस को शंका है कि वह खेलते हुए नाले तरफ चले गया हो। इसलिए टीम ने वहां सर्चिंग की। लेकिन वह नहीं मिला।

दूसरी तरफ पुलिस ने एक टीम बनाकर बच्चे की तलाश में आसपास के डेरों में तलाश भी शुरू की है। पुलिस के मुताबिक झांकी के चलते कई लोग बाहर से आकर यहां डेरों में रह रहे है। वही पास में मेला भी लगा है। इसके चलते बच्चे के अपहरण की संभावना जताई गई है। हालांकि वहां से भी ब'ी को लेकर पुलिस को कोई क्लू नहीं मिला।

किशु बागबान मूल रूप से धार का रहने वाला है। अपने रिश्तेदार के इंदौर में माता पिता के साथ एक प्रोग्राम में आया था। सुबह प्रोग्राम के बाद वह दोपहर में खेल रहा था। ब'चे के पिता बैक में कार्यरत है। वह अपने माता पिता का इकलौता बेटा है। जानकारी के मुताबिक बच्चे के सोशल मीडिया पर फोटो वायरल होने को लेकर शाजापुर से कॉल आया कि उक्त जैसे हुलिए का ब'चा वहां देखा गया है। जब वहां पर स्थानीय पुलिस से संपर्क किया गया तो किशु के वहां नही होने की बात सामने आई है।

### परिवार ने रखा 1 लाख का ईनाम

बाणगंगा पुलिस 24 घंटे से झ्यादा समय के बाद भी ब'चे को नही ढूंढ पाई है। पुलिस का भी जांच से भरोसा उठते जा रहा है। इधर बच्चे के पिता ने उसकी जानकारी देने या ढूंढकर लाने वाले को लेकर 1 लाख के ईनाम दिए जाने की बात कही है।

# पत्नी को पीटा बेटी को जबरदस्ती ले जाने लगा, प्रकरण दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। एक महिला ने अपने पति के खिलाफ मारपीट और जबरदस्ती बेटी को ले जाने के प्रयास करने के मामलों में केस दर्ज किया है। आरोपी की तलाश की जा रही है। माममला हीरानगर इलाके का हद्यै। पुलिस के मुताबिक काजल कुशवाह निवासी मेघूदत नगर की शिकायत पर पुलिस ने राकेश कुशवाह पर केस दर्ज किया है। काजल ने पुलिस को बताया कि वह अपनी 4 साल की बेटी के साथ रहती है और यहां कुक का काम करके उसकी देखभाल करती है। पति आए दिन मारपीट करते और शराब पीकर घर आते थे जिसके चलते ढाई साल पहले उन्हें छोड़ दिया अलग रहने लगी। 16 सितंबर के दिन पति राकेश शराब के नशे में आए और बेटी को ले जाने के लिए जबरदस्ती करने लगे। रोका तो अपशब्द कहे। हाथ मुक्कों से मारपीट करते हुए डंडा उठाकर पीटा। इसके बाद बुधवार को पति अचानक फिर से घर आए। उन्होंने आते ही फिर से अपशब्द कहे और बेटी को गोद में उठा कर जबरदस्ती बाहर लाने की कोशिश की। शोर किया तो वह बाहर की तरफ गए। इसके बाद जान से मारने की धमकी देकर मारपीट करते हुए बाहर निकल गए। पीड़िता बाद में थाने पहुंची और पति पर केस दर्ज कराया है।

# नगर परिषद में चूड़ी लेकर पहुंचे पार्षद प्रतिनिधि

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। शहर के पास महू गांव नगर परिषद कार्यालय में गुरुवार को पार्षद प्रतिनिधि गौरव सोलंकी के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने नगर परिषद कार्यालय के गेट पर चूडिय़ां टांगी और गेट बंद कर दिया। जिससे कार्यालय के कर्मचारी बाहर ही रह गए।

गौरव सोलंकी ने कहा, 'नगर परिषद में किसी भी प्रकार का काम नहीं हो रहा है। साथ ही कई गंभीर आरोप भी लगाए। सोलंकी का कहना था कि नगर परिषद के कामों में लापरवाही बरती जा रही है। जनता से जुड़े कई अहम मुद्दे अनसुलझे पड़े हैं। साथ ही वार्ड नंबर-3 में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। कई बार शिकायत करने के बावजूद भी सफाई कर्मी यहां नहीं आते। इसके साथ ही जब भी नगर परिषद जाओ तो अधिकारी नहीं मिलते।'

इस विरोध प्रदर्शन के जरिए उन्होंने अधिकारियों से काम में सुधार की मांग की। मामले में जब महू गांव नगर परिषद के अधिकारियों की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

# तेंदूए ने किया गाय का शिकार

## लोगों ने वन विभाग से की पकड़ने की अपील

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। महू तहसील क्षेत्र के मानपुर के पास ग्राम ओलानि में तेंदुए ने एक गाय का शिकार किया है। इस घटना से गांव में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों ने वन विभाग से तेंदुए को पकडऩे के लिए आवश्यक कदम उठाने की अपील की है।**

ग्रामीणों ने बताया कि उनकी रोजाना गाय जंगल की ओर चरने जाती है। गुरुवार दोपहर तीन बजे ग्राम के देवजा पिता सरदार सिंह की गाय भी जंगल की ओर गई थी, इस दौरान तेंदुए ने उस पर हमला कर दिया, जिससे गाय की मौत हो गई।

ग्रामीणों ने बताया कि इस प्रकार की घटनाएं अक्सर जंगल के पास स्थित गांवों में होती हैं, जहां जंगली जानवर भोजन की तलाश में गांवों की ओर रुख करते हैं। वन विभाग ने ग्रामीणों को सतर्क रहने और सुरक्षा उपायों का पालन करने की सलाह दी है।

मामले में मानपुर रेंज के रेंजर पीएस चौहान ने बताया कि शिकार की जानकारी लगी हैं। मौके पर स्टाफ को भेजा गया है, फोटो लिए जा रहे हैं। पंचनामा बनाकर जांच की जाएगी।

दुनिया में अब तक 200 के करीब आए हैं मामले

# चार दिन पहले जन्मी बच्ची के पेट में बच्चा

◆ रिपोर्ट देखकर हिला सबका दिमाग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सागर। मेडिकल साइंस के लिए अजूबा और अचंभित करने वाले मामले जब-तब सामने आते रहते हैं। इनमें 'फीट्स इन फीटू' अर्थात मां के गर्भ में पल रहे शिशु के गर्भ में भी एक जिंदा भ्रूण पल रहा होता है। मप्र के सागर जिले के केसली में भी चिकित्सा जगत का दुर्लभ मामला सामने आया है। इसमें चार दिन पहले जन्मी एक नवजात के गर्भ में जिंदा भ्रूण लेकर जन्मी है।





जिले के केसली ब्लॉक निवासी एक प्रसूता की चार दिन पहले डिलीवरी कराई गई थी। उसकी नवजात को जिला अस्पताल के एसएनसीयू में भर्ती कराया गया है। मामले में सीटी स्कैन जांच में सामने आया है कि नवजात के गर्भ में भी एक गर्भ मौजूद है। विशेषज्ञों के अनुसार यह भ्रूण भी जीवित अवस्था में है। मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों ने नवजात का परीक्षण किया है। बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज के रेडियोलॉजी विभाग के डॉक्टर बताते हैं कि उनके जीवन में यह पहला मामला सामने आया है। बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज (BMC) में रेडियोलॉजी विभाग के एचओडी डॉ. पुण्य प्रताप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि लगभग 17 दिन पहले केसली निवासी 35 वर्षीय एक गर्भवती महिला जांच के लिए आई थी। सोनोग्राफी और सीटी स्कैन के बाद चौंकाने वाली बात सामने आई थी, जिसमें पेट में मौजूद शिशु के पेट में भी एक जिंदा भ्रूण(टेराटोमा) मौजूद था। महिला का चार दिन पहले सामान्य प्रसव केसली में कराया गया था, जिसके बाद नवजात को जिला अस्पताल के एसएनसीयू में भर्ती कराया गया है। डॉ. सिंह के अनुसार मेरे जीवन में फीट्स इन फीटू इस तरह का पहला मामला सामने आया है। डॉ. वृषभान के अनुसार हमने जीवन में यह पहला केस देखा है। दुनिया में अब तक करीब 200 के आसपास फीट्स इन फीटू के मामले मिले हैं। करीब 5 से 10 लाख में एकाध मामला सामने आता है।

आज प्रदेश भर में कांग्रेस निकालेगी किसान न्याय यात्रा

# 1 लाख से ज्यादा किसान ट्रैक्टर लेकर उतरेंगे सड़कों पर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्य प्रदेश कांग्रेस किसानों की समस्याओं और मांगों को लेकर शुक्रवार को प्रदेशभर में किसान न्याय यात्रा निकालने जा रही है। सभी जिलों में निकलने वाली इस किसान न्याय यात्रा में कांग्रेस की ओर से ट्रैक्टर रैलियां निकाली जाएंगी। जानकारी के मुताबिक इस दौरान प्रदेशभर में एक लाख से अधिक किसान ट्रैक्टर लेकर सड़कों पर उतरेंगे। इंदौर में किसान न्याय यात्रा में प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी खुद शामिल होंगे। इधर गुरुवार को कांग्रेस के दिग्गज नेता और कार्यकर्ता किसान न्याय यात्रा को लेकर बुधनी पहुंचे और सरकार से सोयाबीन के 6000, मक्का 3100 और गेहूं का समर्थन मूल्य 3250 रुपये करने की मांग की।**

## यह हैं प्रमुख मांगे

सोयाबीन का भाव 6000, धान का 3100 और बाजरे का भाव 2300 रुपए करने की मांग इस यात्रा के दौरान जोरशोर से उठाई जाएगी। किसान कांग्रेस के अध्यक्ष मुरैना विधायक दिनेश गुर्जर ने बताया कि पार्टी की सभी विधायक, लोकसभा विधानसभा प्रत्याशी रहे नेता, पदाधिकारी सभी एक साथ अपने-अपने इलाकों में सड़कों पर किसानों का साथ यात्रा में शामिल होंगे।



**बुधनी पहुंचे जीतू पटवारी ने सरकार को घेरा**

मध्य प्रदेश में किसानों के साथ हो रहे अत्याचार को लेकर एक बार फिर कांग्रेस सड़कों पर उतर चुकी है। कांग्रेस अपनी 7 सूत्रीय मांगों को लेकर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह के गढ़ में विरोध प्रदर्शन किया। इसी कड़ी में गुरुवार को कांग्रेस के दिग्गज नेता और कार्यकर्ता किसान न्याय यात्रा को लेकर बुधनी पहुंचे और सरकार से सोयाबीन के 6000, मक्का 3100 और गेहूं का समर्थन मूल्य 3250 रुपये करने की मांग की।

## निरंतर जारी रहेगी किसान न्याय यात्रा

पटवारी ने कहा कि जब तक किसानों को न्याय नहीं मिल जाता किसानों के हक के लिए यह किसान न्याय यात्रा प्रदेश भर में निरंतर जारी रहेगी। यह सरकार किसान विरोधी सरकार है जो किसानों के साथ अन्याय, अत्याचार और जुल्म कर रही है। शिवराजसिंह चौहान यहां से विधायक बने, 20 साल मुख्यमंत्री रहें और अब देश में कृषि मंत्री हैं, जब वे मुख्यमंत्री थे तो किसान पुत्र होने का स्वांग रचते थे, उन्होंने बीस साल में हजारों बार कहा कि किसान की आय दोगुनी कर दूंगा। कहते थे किसान का बेटा हूं पैदल पैदल चलता हूं, उन्होंने बड़ी-बड़ी बातें किसानों के लिए कहीं, एक मुख्यमंत्री के लिए 20 साल कम नहीं होते हैं, लेकिन उन्होंने किसानों के लिए कुछ नहीं किया और केंद्र में मंत्री होने के बावजूद किसानों की तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं।

## बच्ची से रेप मामले में स्कूल सील, मान्यता रद्द होगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** भोपाल में तीन साल की बच्ची से रेप के मामले में विरोध प्रदर्शन के बीच स्कूल को सील कर दिया गया। टीटी नगर एसडीएम ने मान्यता रद्द करने की बात भी कही है। स्कूल परिसर में भारी पुलिस बल तैनात है। टीटी नगर एसीपी चंद्रशेखर पांडेय ने बताया कि हिंदू संगठनों की जैसी भावनाएं थीं, उसी के अनुरूप कार्रवाई की गई है। स्कूल को सील करने की कार्रवाई की गई है। मामले में नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। प्रदर्शन करने वालों में एबीवीपी, करणी सेना, संस्कृति बचाओ मंच के कार्यकर्ता, नूतन कॉलेज समेत कुछ प्राइवेट कॉलेज के स्टूडेंट्स शामिल हैं। उनकी मांग है कि स्कूल की मान्यता रद्द की जाए। साथ ही रेप के आरोपी टीचर कासिम रेहान (33) को फांसी की सजा दी जाए। बता दें, कमला नगर स्थित स्कूल में बच्ची के साथ रेप का मामला बुधवार को सामने आया था। आरोपी स्कूल का आईटी टीचर है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामले की जांच के लिए पुलिस कमिश्नर हरिनारायण चारी मिश्र ने एसआईटी का गठन किया है।

## ब्रेक डांस झूले से गिरी 1 साल की बच्ची, मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भिंड।** भिंड के गोरमी में वन विहार मेले में ब्रेक डांस झूले से गिरकर 1 साल की बच्ची की मौत हो गई है। गोरमी के वार्ड-6 में रहने वाले अमीन खान की 14 साल की बेटी आइन, छोटी बहन इनाया को मेले में ले गई थी। आइन की सहेलियां भी उसके साथ थीं। सभी झूला झूल रही थीं, बच्ची आइन की गोद में थी, जो उसके हाथ से छूटकर गिर गई। घटना गुरुवार शाम 4 बजे की है। बच्ची के चेहरे और सिर पर गंभीर चोट आई थी। परिजन बिरला हॉस्पिटल, ग्वालियर ले गए। इलाज के दौरान बच्ची की मौत हो गई।

## आर्मी के सिग्नल इंजीनियर का शव जंगल में मिला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सागर।** सागर के जंगल में आर्मी के सिग्नल इंजीनियर का शव पेड़ से फांसी के फंदे पर लटका मिला है। माना जा रहा है कि उन्होंने सुसाइड किया है। परिजन ने एक युवती पर दो साल से ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि अश्लील वीडियो के जरिए युवती 10 से 12 लाख रुपए ऐंठ चुकी है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। बलेह पुलिस चौकी (रहली) के देवलपानी गांव से लगे जंगल में देवेंद्र सिंह लोधी (28) का शव बुधवार देर शाम जंगल में मिला था। वे देवलपानी गांव के ही रहने वाले थे। दोपहर से लापता थे। परिवार वाले सर्च करते हुए जंगल पहुंचे, तब उन्हें देवेंद्र फांसी के फंदे पर झूलते हुए दिखे। गुरुवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। देवेंद्र सेना में सिग्नल इंजीनियर के पद पर पदस्थ थे। 15 दिन की छुट्टी पर घर आए थे। वर्तमान में सिकंदराबाद में पदस्थ थे। ट्रांसफर होकर मेरठ जाने वाले थे। उनके बड़े भाई भी आर्मी में हैं।

# साजिश कर भाभी की हत्या कराने वाली ननद सहित छह को आजीवन कारावास

पांच लाख की सुपारी लेकर मारी थी गोली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**दमोह।** दमोह जिले के देहात थाना क्षेत्र के नरसिंहगढ़ में हुई एक महिला की हत्या के मामले में छह दोषियों को सजा सुनाई गई है। प्रथम न्यायाधीश एडीजे संतोष कुमार गुप्ता ने आरोपी ननद सहित 6 आरोपियों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया है।

अभियोजन के अनुसार 18 जून 2019 को आरती तिवारी, उसका छोटा बेटा एवं मां सुशीला ग्राम नरसिंहगढ़ में अपने घर में टीवी देख रहे थे। उसी समय एक व्यक्ति ने घर में घुसकर आरती तिवारी को कट्टे से गोली मार दी। घायल आरती को जिला अस्पताल दमोह से मेडिकल जबलपुर रेफर किया गया था। जहां 19 जून को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। देहात थाना पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर



विवेचना में लिया गया। मृतिका के पुत्र आशु तिवारी की निशानदेही पर पुलिस ने आरोपी निगम उर्फ अजय सिंह को गिरफ्तार किया। जिसने अपने कथन में बताया कि उसने आरोपी रवि परमार, अनीता अवस्थी, नफीस खान, राजा उर्फ आशीष ठाकुर एवं सचिव उर्फ मोनू पाराशर के साथ मिलकर आपराधिक षड्यंत्र कर इस घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया।

वेचना के दौरान मृतिका की ननद अनीता अवस्थी ने बताया कि नफीस खान के कहने पर उसने भाभी आरती तिवारी की हत्या करने की योजना बनाई थी और सुपारी के रूप में पांच लाख रुपए की बात तय हुई थी। इसने अपने मित्रों रवि परमार और निगम धाकड़ को आरती तिवारी की पहचान करवाकर गोली से हत्या करवाई थी। मामला न्यायालय में आने पर आई मौखिक, दस्तावेजी साक्ष्य तथा अभियोजन द्वारा प्रस्तुत तथ्यों से सहमत होते हुए न्यायालय ने आरोपियों को सजा सुनाई। मामले में अभियोजन की ओर से पैरवी जिला अभियोजन अधिकारी कैलाशचंद पटेल के मार्गदर्शन में एडीपीओ अनंत सिंह ठाकुर द्वारा की गई। विनय नामदेव द्वारा सहयोग किया गया।

## संपादकीय

# अब देर की गुंजाइश नहीं

देश में जनगणना लंबे समय से लंबित है। सरकार अब इसकी योजना बना रही है। विपक्षी दलों ने जाति के आधार पर जनगणना कराने की मांग उठाई है। धीरे-धीरे यह बड़ा मुद्दा बन गया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भी इसकी आवश्यकता जताई है। सरकार ने संकेत दिया है कि इस मुद्दे पर काम हो रहा है। वर्ष 2011 में जनगणना कराई गई थी। तब से अब तक उसी समय के आंकड़ों से ही काम चलाने की मजबूरी है। हालांकि, उन आंकड़ों को सामाजिक-आर्थिक और जाति जनगणना के पलड़े में अप्रभावी, अधूरी और खराब प्रकृति का माना गया। जनगणना के आंकड़े संवेदनशील माने जाते हैं और इनका व्यापक असर होता है। खाद्य सुरक्षा, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम और निर्वाचन क्षेत्रों का परिसीमन जैसी कई योजनाएं इनपर निर्भर होती हैं। आंकड़ों का उपयोग सरकारों के साथ उद्योग जगत और शोध संस्थाएं भी करती हैं। बदलते समय के साथ देश के सामने नई चुनौतियां हैं, जिन्हें लेकर नीति निर्धारण की जरूरत है।ऐसे में जरूरी है कि जनगणना को लेकर सरकार महापंजीयक और अन्य एजेंसियों के लिए नए मानक दिशानिर्देश तैयार करे। जून 2024 तक 233 देशों में से भारत उन 44 देशों में से एक था जिन्होंने इस दशक में जनगणना नहीं की थी। सरकार का कहना है कि कोरोना महामारी के कारण यह कवायद नहीं की गई। हालांकि, 143 अन्य देशों ने इस काल में ही मार्च 2020 के बाद जनगणना की। संघर्ष, आर्थिक संकट एवं उथल-पुथल से प्रभावित यमन, सीरिया, अफगानिस्तान, म्यांमा, यूक्रेन, श्रीलंका और उप-सहारा अफ्रीका जैसे देशों ने जनगणना नहीं कराई। भारत में इस कवायद में देरी को लेकर सवाल उठे। यह तथ्य है कि वर्ष 1881 से 2011 तक बिना किसी बाधा के भारत में जनगणना कराई गई। सामाजिक-आर्थिक और जाति जनगणना (एसईसीसी) पहली बार वर्ष 1931 में कराई गई थी। इसका उद्देश्य अभाव के संकेतकों की पहचान करने के लिए ग्रामीण और शहरी- दोनों क्षेत्रों में भारतीय परिवारों की आर्थिक स्थिति के बारे में सूचनाएं जमा करना था। एसईसीसी में संग्रहित जानकारी सरकार द्वारा परिवारों को लाभ देने या लाभ से वंचित करने में फैसले के लिए आधार बनती है। बहरहाल, जाति आधारित जनगणना के मुद्दे पर बहस जारी है।

### अर्ज किया है..!

*बंदिशें इश्क़ में*
*दुनिया से निराली देखें*
*दिल तड़प जाए मगर*
*लब न हिलाए कोई*

*- आले रज़ा रज़ा*

## OSHO कहिन

**पुरुष जितना प्रेम शब्दों में प्रकट करेगा, उससे कई गुना ज्यादा स्त्री मौन में प्रकट कर देगी।**



## महिला जगत

# दो बार अंतरिक्ष में जन्मदिन मनाने वाली इस भारतीय मूल की महिला के साहस की कहानी सुन करेंगे सलाम



**भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स स्पेसक्राफ्ट में तकनीकी खराबी के कारण बीते जून माह से स्पेस में फंसी हुई हैं। उनकी 8 दिन की यात्रा 8 महीने में बदल गई है। उम्मीद है कि वह फरवरी माह तक धरती पर वापस लौट आएं। सुनीता विलियम्स तीसरी बार अंतरिक्ष यात्रा पर गई हैं। सुनीता विलियम्स 19 सितंबर को अपना 59वां जन्मदिन मना रही हैं। वह इस बार धरती से लगभग 400 किलोमीटर दूर अंतरिक्ष में अपना जन्मदिन मना रही हैं। हालांकि ये पहली बार नहीं है जब सुनीता ने अपना जन्मदिन स्पेस पर सेलिब्रेट किया है। आइए जानते हैं भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स के बारे में, उनका जीवन परिचय और उपलब्धियां।**

### ◆ जीवन परिचय

सुनीता विलियम्स के पिता का नाम डॉ. दीपक पांड्या और मां बोनी पांड्या हैं। उनके पिता गुजरात के मेहसाणा जिले के झुलासान में पैदा हुए थे और पेशे से एक न्यूरोएनाटोमिस्ट थे। हालांकि बाद में अमेरिका चले गए और बोनी पांड्या से शादी की।

सुनीता विलियम्स का जन्म 19 सितंबर 1965 को यूक्लिड, ओहियो में हुआ था। 1987 में उन्होंने अमेरिकी नौसेना अकादमी से फिजिकल साइंस में बैचलर की डिग्री ली। बाद में इंजीनियरिंग मैनेजमेंट में मास्टर किया। नासा ज्वाइन करने से पहले सुनीता अमेरिका की नौसेना में काम करती थीं। उन्होंने 30 से अधिक विभिन्न विमानों में 3000 से ज्यादा उड़ान घंटे दर्ज किए थे।

उनके नाम एतिहासिक उपलब्धि दर्ज है। सुनीता साल 2006 और 2012 में दो बार अंतरिक्ष की यात्रा कर चुकी हैं। इन दोनों मिशनों पर विलियम्स ने अंतरिक्ष पर कुल 322 दिन बिताए, जो अपने आप में रिकॉर्ड है। इसके बाद 6 जून को उन्होंने स्टारलाइनर स्पेसक्राफ्ट से तीसरी बार उड़ान भरी थी। उन्हें स्पेस पर गए तीन महीने से अधिक वक्त बीत गया है। हालांकि तकनीकी खराबी के कारण वहां फंसी सुनीता विलियम्स की वापसी की उम्मीद फरवरी 2025 तक है।

### ◆ उपलब्धि

सुनीता विलियम्स को कई देशों की सरकार ने सम्मानित किया है। भारत सरकार ने उन्हें 2008 में पद्मभूषण से सम्मानित किया। वहीं रूस ने मेडल आफ मेरिट इन स्पेस एक्सप्लोरेशन दिया। स्लोवेनिया ने गोल्डन आर्डर ऑफ मेरिट सम्मान से नवाजा। इसके अलावा नासा स्पेसफ्लाइट मेडल भी उनके पास है।

Odisha

# रेप की धमकी दी, हाथ-पैर बांधकर पीटा... आर्मी ऑफिसर की मंगेतर के साथ ओडिशा के पुलिस स्टेशन में क्रूरता

**भुवनेश्वर, (एजेंसी)** रोडरेज की कंप्लेंट लिखाने पुलिस स्टेशन पहुंचे आर्मी ऑफिसर और उनकी मंगेतर के साथ ओडिशा में पुलिस की क्रूरता का केस सामने आया है. महिला ने प्रताड़ना की जो आपबीती बताई है, वह हैरान कर देने वाली है. आर्मी ऑफिसर की मंगेतर ने पुलिस पर न सिर्फ हाथ-पैर बांधकर पीटने का आरोप लगाया है. बल्कि, पैंट उतारने, प्राइवेट पार्ट दिखाने और रेप की धमकी देने जैसे संगीन इल्जाम भी लगाए हैं.

मामला ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर का है. पुलिस की क्रूरता झेलने वाले आर्मी ऑफिसर सिख रेजिमेंट का हिस्सा हैं. उनकी मंगेतर भुवनेश्वर में अपना रेस्टोरेंट चलाती हैं. महिला ने न्यूज एजेंसी को बताया,'रात करीब




1 बजे मैं अपना रेस्टोरेंट बंद करके घर लौट रही थी. तभी कुछ युवकों ने मेरे साथ बदसलूकी की. हमने पुलिस से मदद लेने के बारे में सोचा और सीधे भरतपुर थाने पहुंच गए.' आर्मी ऑफिसर की मंगेतर ने आगे बताया,'हम भरतपुर थाने पहुंचे तो वहां सिविल ड्रेस में एक महिला कांस्टेबल मौजूद थी. हमने कांस्टेबल से एफआईआर दर्ज करने और बदमाशों को पकड़ने के लिए गश्ती वाहन भेजने की दरख्वास्त की. लेकिन हमारी मदद करने की जगह लेडी कांस्टेबल हमसे दुर्व्यवहार करने लगी. थोड़ी देर बाद कुछ और पुलिसकर्मी भी थाने पहुंचे और आर्मी ऑफिसर से कंप्लेंट दर्ज कराने के लिए कहा.' महिला ने कहा,'पुलिसकर्मी किसी बात पर भड़क गए. उन्होंने मेरे मंगेतर (आर्मी ऑफिसर) को लॉकअप में डाल दिया. मैंने पुलिसवालों को बताया कि यह गैरकानूनी है.

Uttarakhand

## आंदोलन, बंद और दंगों में सरकारी संपत्ति के नुकसान पर होगी वसूली, उत्तराखंड में लागू हुआ कानून



**देहरादून, (एजेंसी)** उत्तराखंड में दंगों और आंदोलनों पर सख्त कानून लागू कर दिया गया है, इस दौरान हुए नुकसान की भरपाई दोषियों से की जाएगी. राज्य में किसी दंगे के बाद हुई सावर्जनिक संपत्ति के नुकसान की वसूली किए जाने की तैयारी का जा रही है. सूबे की सरकार ने राज्यपाल की मंजूरी के बाद नया कानून लागू कर दिया है. सीएम पुष्कर सिंह धामी ने इस कानून को राज्य की शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक बताया. यह सुनिश्चित किया जाएगा कि देवभूमि की शांति व्यवस्था को नुकसान पहुंचाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए, जिससे भविष्य में कोई भी इस तरह की घटनाओं को अंजाम न दे सके.

सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखण्ड लोक (सरकारी) तथा निजी संपत्ति क्षति वसूली (अध्यादेश) कानून-2024 को राज्यपाल के मंजूरी देने पर उन्हें आभार और धन्यवाद प्रकट किया है. मुख्यमंत्री ने कहा, 'इस कानून के तहत दंगाइयों से सरकारी और निजी संपत्ति को हुए नुकसान की भरपाई की जा सकेगी. इसके साथ ही दंगा नियंत्रण में लगे सरकारी अमले और अन्य कार्यों पर आने वाले खर्च की भरपाई भी की जाएगी.'

सीएम धामी ने कहा कि देवभूमि उत्तराखण्ड में किसी को भी कानून व्यवस्था और राज्य का मूल स्वरूप बिगाड़ने की छूट नहीं है. इस कानून का राज्य में सख्ती से पालन करवाया जाएगा.

Jharkhand

## अंधेरे में प्रेमिका से कर रहा था बात, पत्थर लेकर दौड़ाने लगा पिता; प्रेमी का चेहरा कूच कर मार डाला

**गिरिडीह, (एजेंसी)** झारखंड के गिरिडीह के गांडेय थाना क्षेत्र के भोगतिया लोहारी गांव स्थित एक कुआं से सोमवार शाम अहरडीह के 21 साल के अरविंद ठाकुर की संदेहास्पद स्थिति में लाश मिलने के मामले का पुलिस ने महज दो दिनों में खुलासा कर दिया है। बता दें कि युवक की प्रेमिका के पिता प्रदीप पंडित ने ही युवक की हत्या करके शव को कुआं में फेंक दिया था। पुलिसिया पूछताछ के दौरान प्रदीप पंडित ने अपने गुनाह को कबूल कर लिया है। गांडेय पुलिस ने बुधवार को आरोपी 42 वर्षीय प्रदीप पंडित के खिलाफ हत्या का आरोप लगाते हुए 79/24 के तहत मामला दर्ज करते न्यायिक हिरासत में गिरिडीह जेल भेज दिया है। पुलिस ने घटनास्थल से अभियुक्त का खून लगा हुआ शर्ट, मृतक अरविंद ठाकुर का शर्ट और चप्पल बरामद किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार मृतक अरविंद ठाकुर और आरोपी प्रदीप पंडित की पुत्री के बीच में कई दिनों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। प्रदीप पंडित युवक को बात करने से मना करता था। इसी क्रम में बीते शनिवार को कर्मा पूजा की रात अरविंद अपनी प्रेमिका से मिलने भोगतिया लोहारी गांव पहुंचा।

Uttarpradesh

## 8वीं की छात्रा को धमकी देकर प्रधानाध्यापक करता रहा बार-बार रेप, जौनपुर में शिक्षक की शर्मनाक करतूत

**जौनपुर, (एजेंसी) यूपी के जौनपुर में नेवढ़िया थाना क्षेत्र के एक गांव में सरकारी उच्च प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने वाली आठवीं की छात्रा से वहां के प्रधानाध्यापक ने बार-बार दुष्कर्म किया है। इसकी शिकायत पीड़िता और उसकी मां ने अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण से मिलकर की। एएसपी ने नेवढ़िया पुलिस को मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया है।**

एक गांव में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में 14 वर्षीय छात्रा कक्षा आठ में पढ़ती है। छात्रा की मां का आरोप है कि विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने बेटी को धमकी देकर उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। डर के मारे पीड़िता परिवार के लोगों से भी नहीं बताई। उधर, आरोपी प्रधानाध्यापक अक्सर उसके साथ दुष्कर्म करता था। 16 सितंबर को पीड़िता ने परिवार के लोगों को जब इसके बारे में जानकारी दी तो सबके पैरों तले जमीन खिसक गई। मां तत्काल थाने पर पहुंच गई। थाना प्रभारी को प्रार्थना पत्र देकर आरोपी प्रधानाध्यापक के बारे में जानकारी दी। आरोप है कि तहरीर पर कार्रवाई करने की बजाय नेवढ़िया पुलिस मामले को रफादफा करने में जुट गई। तीन दिन तक मामले में मुकदमा पंजीकृत न होने पर पीड़ित परिजन गुरुवार को एएसपी ग्रामीण शैलेंद्र सिंह के यहां पहुंचे। एएसपी ने बताया कि पीड़िता की मां ने प्रार्थनापत्र दिया है। इस मामले में आरोपी प्रधानाध्यापक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के लिए नेवाढ़िया एसओ को कहा गया है।



खेल

# हसन महमूद की गेंदबाजी पर भारी पड़ी अश्विन और जडेजा की साझेदारी, पहले दिन भारत को संभाला

**चेन्नई, (एजेंसी) अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने शानदार साझेदारी कर भारत को संभाला। चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम पर खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के शुरुआती दिन अश्विन और जडेजा की जोड़ी ने बांग्लादेशी गेंदबाजों की जमकर खबर ली। पहले दिन का खेल समाप्त होने तक भारत ने पहली पारी में छह विकेट पर 339 रन बना लिए हैं। स्टंप्स के समय अश्विन 112 गेंदों पर 10 चौके और दो छक्कों की मदद से 102 रन और जडेजा 117 गेंदों पर 10 चौके और दो छक्कों के सहारे 86 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे।**

**हसन महमूद की शानदार गेंदबाजी -** बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी



का निर्णय लिया था, जिसे तेज गेंदबाज हसन महमूद ने सही साबित करने में ज्यादा देर नहीं लगाई। महमूद ने चार विकेट झटके और भारतीय शीर्ष क्रम को लड़खड़ा दिया। महमूद ने शानदार गेंदबाजी करते हुए कप्तान रोहित शर्मा, शुभमन गिल, विराट कोहली और ऋषभ पंत के विकेट झटके।

**अश्विन-जडेजा की बेहतरीन साझेदारी-** भारतीय टीम एक समय मुश्किल में दिख रही थी और उसने 144 रन के स्कोर पर छह विकेट गंवा दिए थे। उस वक्त ऐसा लग रहा था कि भारतीय पारी पहले ही दिन सिमट जाएगी, लेकिन अश्विन और जडेजा ने सातवें विकेट के लिए 195 रनों की साझेदारी कर भारत को संभाला और बांग्लादेश पर दबाव बनाने में सफल रही। जिस पिच पर भारत के स्टार बल्लेबाज जहां रन बनाने के लिए संघर्ष करते दिखे, वहीं जडेजा और अश्विन ने बेहतरीन पारी खेल भारत को मुश्किल से उबारा और सुखद स्थिति में ला खड़ा किया। अश्विन ने इस दौरान अपने टेस्ट करियर का छठा शतक भी पूरा किया। बांग्लादेश के लिए महमूद के अलावा नाहिद राणा और मेहदी हसन मिराज ने एक-एक विकेट अपने नाम किए।

**यशस्वी चमके, शीर्ष क्रम फेल -** इससे पहले, यशस्वी जायसवाल को छोड़कर भारत का शीर्ष क्रम पूरी तरह विफल साबित हुआ। कप्तान रोहित शर्मा छह रन, विराट कोहली छह रन और लंबे समय बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी करने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत 39 रन बनाकर पवेलियन लौटे, जबकि शुभमन गिल का बल्ला एकदम फ्लॉप रहा और वह खाता भी नहीं खोल सके। वहीं, केएल राहुल भी पहली पारी में प्रभावित नहीं कर सके और 16 रन बनाकर छठे बल्लेबाज के रूप में आउट हुए। हालांकि, अश्विन और जडेजा के अलावा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने भी बल्ले से अपना दम दिखाया और 118 गेंदों पर नौ चौकों की मदद से 56 रन बनाए।

सिनेमा

## नहीं टली 'भूल भुलैया 3', अजय देवगन से बॉक्स ऑफिस पर टकराने को तैयार कार्तिक आर्यन




कार्तिक आर्यन की फिल्म 'भूल भुलैया 3' और अजय देवगन की 'सिंघम अगेन' का इंतजार फैंस को बेसब्री से है. दोनों ही सितारों की सुपरहिट फ्रेंचाइजी को आगे बढ़ाने वाली इन दोनों फिल्मों को लेकर दर्शकों जबरदस्त उत्साह है. इस बीच इनके बीच रिलीज डेट को लेकर तनातनी भी देखने को मिली. हालांकि अब 'भूल भुलैया 3' के डायरेक्टर अनीस बज्मी ने साफ कर दिया है कि पर्दे पर ये दोनों फिल्में साथ में ही रिलीज होंगी. कुछ दिन पहले खबर आई थी कि कार्तिक आर्यन ने 'सिंघम अगेन' के डायरेक्टर रोहित शेट्टी को कॉल लगाया था. बातचीत में कार्तिक ने रोहित से दरखवास्त की थी कि वो अपनी फिल्म को उनकी फिल्म के साथ एक ही दिन रिलीज न करें. फिर बताया गया कि रोहित शेट्टी और उनकी टीम कार्तिक की इस रिक्वेस्ट पर विचार कर रही है. इस बीच डायरेक्टर अनीस बज्मी ने एक इंटरव्यू में कहा था कि उन्हें बॉक्स ऑफिस नंबर्स के पचड़े में फंसने की कोई जरूरत नहीं है. अब अपनी बात पर सफाई देते हुए उन्होंने बयान जारी किया है. उन्होंने लिखा, 'कई मीडिया के लोग मेरे बयान को गलत समझ रहे हैं. 3 दशकों तक इंडस्ट्री में बतौर फिल्मकार काम करने के लिहाज से मैं बढ़िया कहानियों को बनाने में फोकस करता हूं, न कि फिल्म की रिलीज और बिजनेस के मामले पर.

## Highlights

1. **Karnataka HC judge refers to Bengaluru area as 'Pakistan', says 'police beaten up there'**
2. **She cried in voice notes she sent me: Friend of EY employee who died due to overwork**
3. **China & India are not competitors but cooperators: Chinese envoy**
4. **Man killed as SUV driving on wrong side hits bike in Gurugram; collision caught on camera**
5. **Hope India will honour its provisions: Pak on Indus Waters Treaty**

# India to be third largest economy by 2030-31; grow 6.7% per annum: S&P Global

**NEW DEIHI, (Agency).** India is on track to become the third-largest economy by fiscal 2030-31, driven by a robust projected annual growth rate of 6.7, the credit rating agency S&P Global said in its report named India Forward Emerging Perspectives.

Along with its projections, the credit rating agency suggested some measures to push the growth of the economy.

In order to maintain the growth momentum, the report added that the continued reforms are crucial to improving business transactions and logistics, boosting private sector investment, and reducing reliance on public capital. The credit rating agency anticipated that the Indian equity market will stay dynamic and competitive due to strong growth prospects and better regulation. It added that the foreign inflows into Indian government bonds have surged since the



country joined major emerging market indexes, which is anticipated to grow.Going further, the rating agency suggested that India must develop infrastructure and geopolitical strategies, particularly regarding its extensive coastline, to maximise trade benefits.

It further added in its suggestion that a strong port infrastructure is required to match rising exports and bulk commodities imports because about 90 per cent of India's trade is maritime.

The report also pointed out the rising domestic energy demands, adding that the country needs to develop sustainable technologies, including renewables and low-emission fuels, balancing energy security with its energy transition plans.

"Agriculture will rely on advanced technologies and new policies to improve infrastructure and productivity. The need is to address critical infrastructure issues such as irrigation, storage, and supply distribution to ensure food security and economic stability," the report added.

The credit rating agency suggested that the use of AI will boost economic growth of the economy, adding it will bring opportunities for public-private partnerships to replicate the success of India's digital infrastructure.

# Apple iPhone 16 series India sale starts today: Check bank offers, trade-in program and more

**NEW DEIHI, (Agency).** Apple iPhone 16 series are available for sale today (September 20) in India. The series includes four models: iPhone 16, iPhone 16 Pro, iPhone 16 Pro Max, and iPhone 16 Plus and all four phones will be available for purchase. The tech giant unveiled the iPhone 16 series on September 9 and pre-bookings began on September 13. Deliveries for



those who pre-ordered will also begin today.

iPhone 16, Plus, Pro and Pro Max prices in India

In India, the iPhone 16 is priced at ₹79,900 and the iPhone 16 Plus will be available at ₹89,900. The iPhone 16 Pro comes with a starting price tag of ₹1,19,900 in India and the iPhone 16 Pro Max will cost you ₹1,44,900.

Apple iPhone 16 series sale: Where to buy

You can buy Apple iPhone 16 through various online and offline platforms and the official Apple Store website, Apple's physical stores, authorised Apple retailers and multi-brand electronics outlets like Croma, Vijay Sales, Reliance Digital.

You can avail of instant savings of up to ₹5000 with eligible cards from American Express, Axis Bank, and ICICI Bank. Buyers can opt for no-cost EMI options for 3 to 6 months through most leading banks.

# ज्योतिषीय/अनुष्ठानिक

## सलाह -मार्गदर्शन हेतु सम्पर्क करें

**www.babapandit.com**

## "एक सलाहकार और शुभचिंतक"

आपकी परिस्थितियों को समझते हुए मेरी एक अनुष्ठानिक प्रयोग की सलाह आपकी पीड़ा / समस्या के समाधान में सहायक हो सकती है।

## - कतिपय अनुष्ठान प्रयोग -

*एक दिवसीय महागणपति एवं आदिदेवभास्कर अभिसिंचन अनुष्ठान*

*एकदिवसीय अष्टमहालक्ष्मी विनायक अनुष्ठान*

*एकदिवसीय महादेवरुद्र स्तवन अनुष्ठान*

*एकदिवसीय हनुमंतवंदन- वाल्मीक सुंदरकांड अनुष्ठान*

*त्रिदिवसीय सत्यनारायण पूजनकथा - हरिकथा अनुष्ठान*

इसके अन्यत्र यजमान की समस्या की भूमिका एवं प्रकृतिनुसार अन्य वैदिक/शास्त्रोक्त अनुष्ठानों का भी प्रयोग समस्या निवारण में किया जा सकता है।

कृपया अपनी जिज्ञासा/सलाह हेतु संपर्क करे।

Email - babapandit.in@gmail.com


स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक